हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम .0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

4
शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा



## खबर संक्षेप

### ग्राम कुर्रू में 51 कट्टा अवैध धान जब्त

**रायगढ़।** मंगलवार को खरसिया एसडीएम प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम कुर्रू में निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान कंचन दासए पिता शीतल दास महंत के दुकान परिसर में अवैध रूप से संग्रहित 51 कट्टा धान मिलने का मामला सामने आया ह है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की। इस अवसर पर एसडीएम ने व्यापारियों एवं किसानों से शासन द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा.निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### लंबित प्रकरणों के लिए 15 से 17 तक शिविर

**रायगढ़।** जिले के अभिदाता एवं अभिदात्रियों के सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ से संबंधित वर्षों से लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए महालेखाकार लेखा एवं हकदारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक जिला कोषालय रायगढ़ में आयोजित किया जाएगाए जिसमें जीपीएफ ऋणात्मक शेष, गुमशुदा कटौतियां और डॉर्मेंट खातों के मामलों का निराकरण किया जाएगा। जिला कोषालय चंद्रपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि महालेखाकार कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी वर्षवार लेखापर्ची एवं ब्याज गणना पत्रक में दर्ज कटौतियों और आहरणों का विभागीय अभिलेखों एवं संबंधित अधिकारियों के जापीएफ पासबुक से सूक्ष्म परीक्षण एवं मिलान आवश्यक है।

### टेक्सटाइल से चोरी कर भाग रहा युवक पकड़ा गया

**राउरकेला।** शहर के उदित नगर थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित कैलाशपुरी के सामने बुधवार सुबह ओड़िशा टेक्सटाइल्स शो रूम से एक ग्राहक का बैग लेकर भाग रहे एक चोर को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। आरोपी माल गोदाम रेलवे फाटक तक भाग चुका था, लेकिन सतर्क लोगों ने उसे दौड़ाकर काबू में कर लिया। पकड़ने की कोशिश के दौरान उसने हमला करने की भी कोशिश की, लेकिन उसे तुरंत दबोच लिया गया। सूत्रों के अनुसार प्लांट साइट और आसपास के क्षेत्रों में ड्रग्स के आदी ऐसे कई उच्चके सक्रिय हैंए जो चोरीए स्नैचिंग और छीनताई की घटनाओं में शामिल रहते हैं। इन पर नियंत्रण पाना पुलिस के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है।

### दो दशक बाद लौटेगी टोपाडीही स्टेशन की रौनक

**राउरकेला।** चक्रधरपुर रेल मंडल के नक्सल प्रभावित इलाके में स्थित बिमलगढ़ किरीबुरू रेल खंड का टोपाडीही रेलवे स्टेशन लगभग दो दशक बाद एक बार फिर रौनक लौटने वाली है। किलोमीटर संख्या 482/2/3 पर स्थित यह स्टेशन वर्ष 2006 के अंत में नक्सली हिंसा की चरम स्थिति के कारण बंद कर दिया गया था। लंबे समय तक वीरान पड़े रहने के बाद अब यहां नए रूप में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और स्टेशन एक बार फिर यात्रियों की आवाजाही के लिए तैयार होने लगा है। 2004 से 2006 के बीच टोपाडीही, रांगड़ा, करमपाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार नक्सली हमलों ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया था। रेल पटरियों पर प्प्क विस्फोट, ट्रैक को उड़ाना ग्रामीणों की हत्या और रेलकर्मियों को बंधक बनाने जैसी घटनाओं के बाद रेलवे प्रशासन ने कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुए टोपाडीही स्टेशन को पूरी तरह से बंद कर दिया। अब बदल रही है तस्वीर सारंडा जंगल से घिरे इस स्टेशन पर नक्सल प्रभाव में भारी कमी आने के बाद रेलवे ने इसे पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। टोपाडीही स्टेशन पर नए और बड़े स्टेशन भवन का निर्माण तेज गति से जारी है।

## कई गांव के दुकानदारों ने एसडीएम और फूड इंस्पेक्टर से की है लिखित शिकायत

# लैलूंगा की पीडीएस दुकानों में खराब चावल की सप्लाई, एसडीएम को लिखना पड़ा पत्र

**एसडीएम ने खाद्य अधिकारी और जिला प्रबंधक नॉन को लिखी है चिट्ठी**



**साल 2023-24 के पुराने चावल की कर रहे आपूर्ति, जनवरी में इसी तरह का मिलाकर चावल कर देंगे वापस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा के राशन दुकानों में बीते 2023-24 के पुराना और पाखड़ चावल सप्लाई की जा रही है। यह हम नहीं बल्कि लैलूंगा एसडीएम की चिट्ठी कह रही है जो फूड ऑफिसर और नॉन के अधिकारी को लिखी गई है। यहां के कुछ दुकानदारों ने एसडीएम और फूड ऑफिसर को पाखड़ चावल आपूर्ति करने लिखित में शिकायत की गई है। दिसंबर में एक दुकान में भेजे गए 312 बोरी (152.44 क्विं) में 250 बोरी चावल पाखड़ निकला है। इसे लेकर ग्रामीणों ने पहले पंचनामा बनाया है। इसके बाद इसकी शिकायत की गई है। हालांकि इसके पहले भी लैलूंगा और धरमजयगढ़ में पाखड़ चावल आपूर्ति करने का मामला सामने आ चुका है। नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से लैलूंगा ब्लॉक के कुछ पीडीएस दुकानों में पाखड़ (खराब) चावल की सप्लाई कर दी गई है। पंचनामा में इसे बीते 2023-24 का चावल होने की बात कही गई है। याने लैलूंगा में पुराना चावल को खपाया जा रहा है। दो दुकान गेरुपानी और घटगांव में इसकी शिकायत की गई है। दोनों दुकानों का पंचनामा बनाया गया है। दूसरी ओर एसडीएम से जब शिकायत हुई तो उन्होंने भी फूड ऑफिसर और नान के प्रबंधक को पत्र लिखा है। इसमें लैलूंगा क्षेत्र के पीडीएस दुकानों में गोदाम से खराब और पाखड़ चावल सप्लाई करने की मौखिक और लिखित शिकायत का हवाला दिया गया है। इसमें दो दुकान का उदाहरण भी दिया गया है। दुकान क्रमांक 8005 घटगांव और दुकान क्रमांक 8031 गेरुपानी का हवाला दिया गया है।

### दिसंबर का चावल खराब

गेरुपानी दुकान क्रमांक 8031 में दिसंबर का चावल समेत अन्य सामग्री भेजा गया था। यहां 312 बोरी (152.44 क्विं) में 250 बोरी चावल पाखड़ निकला है। इस चावल का ट्रक क्रमांक सीजी 12- 5280 में सप्लाई की गई थी। अनलोडिंग के दौरान इसकी जांच की गई तो पता चला कि पाखड़ चावल हे। ग्रामीणों ने इसका पंचनामा बनाया। इसी पंचनामा के साथ शिकायत की गई थी। यह चावल 9 दिसंबर को यहां भेजी गई थी।

### घटगांव में भी ऐसा ही मामला

घटगांव में इसी तरह का मामला सामने आया है। यहां बीते नवंबर का चावल पाखड़ निकला था। यहां भी ग्रामीणों ने सरपंच के साथ इसका पंचनामा बनाकर शिकायत की गई थी। शिकायत में ग्रामीणों ने चेतावनी दिया है। जनवरी का चावल यदि इसी तरह पाखड़ मिला तो गाड़ी को बैरंग लौटा दी जाएगी।

### आज होगी जांच

एसडीएम का पत्र नॉन को मिला है। साथ ही फूड इंस्पेक्टर ने भी गुणवत्ता वाला चावल की आपूर्ति करने नॉन को पत्र लिखा है। इस शिकायत को नॉन के अधिकारी भी गंभीरता से लिया है और आज जांच के लिए दो क्यूआई (क्वालिटी इंस्पेक्टर) को भेजने की बात कही जा रही है। नॉन के प्रबंधक ने बताया कि इसकी शिकायत मिली है। आज जांच के दो क्वालिटी इंस्पेक्टर भेजी जा रही है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने बदली किसान की आर्थिक तस्वीर



**रायगढ़।** ग्राम मिड़मिड़ा के किसान नारायण साव की कहानी बदलाव की जीवंत मिसाल है। 13 एकड़ में खेती करने वाले नारायण साव की आर्थिक मजबूती और आत्मविश्वास में इस वर्ष अभूतपूर्व वृद्धि साबित हो रही है। नारायण साव ने इस सीजन में लगभग 200 क्विंटल धान विक्रय किया। ऑनलाइन टोकन से लेकर तौलाई तक की पूरी प्रक्रिया इतनी सहज रही कि उन्हें किसी भी स्तर पर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। धान विक्रय के बाद मिलने वाली राशि उनके लिए राहत की नई किरण साबित हुई। नारायण बताते हैं कि इस बार खरीदी व्यवस्था इतनी आसान रही कि बिना समय बर्बाद किए मैं धान बेच सका। जो राशि मिली हैए उससे मैं अपने ट्रैक्टर की किस्त आसानी से चुका पाऊंगा।

## शहरी पथ विक्रेताओं का हो रहा सर्वे, भराया जा रहा फार्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण एनयूएलएम की टीम द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान जिन शहरी पथ विक्रेताओं ने अब तक इस योजना का लाभ नहीं लिया हैए उन्हें स्वनिधि योजना की सुविधा का लाभ पहुंचाई ऑनलाइन आवेदन कर जोड़ा जा रहा है।

निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देशानुसार निगम रायगढ़ के डे.एनयूएलएम के तहत कार्यरत सामुदायिक संगठन की टीम श्रीमती माया वर्मा, सरिता वर्मा, मनोरमा सदावर्ती, दीपक पटेल, ऋषि मनहर तथा मिशन प्रबंधक शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों और अन्य व्यावसायिक स्थलों में जाकर पथ विक्रेताओं से संपर्क कर रही है। टीम द्वारा पथ विक्रेताओं की आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है और मौके पर ही उनका ऑनलाइन आवेदन भरवाया जा रहा है। योजना का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। एनयूएलएम टीम द्वारा शहर के सभी छोटे व्यवसायियों को उनके व्यवसाय को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने इस योजना से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## जिले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविर

**रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत माह की 9 एवं 24 तारीख को आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान कर संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। शिविर में प्रत्येक गर्भवती महिला की हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईवी सहित आवश्यक जांच की गई। साथ ही वजन, ऊंचाई मापन, आयरन व कैल्शियम टैबलेट वितरण किया गया तथा महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से शरीर की स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षित मातृत्व को लेकर विशेष काउंसलिंग की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत रायगढ़ जिले में कुल 716 गर्भवती माताओं की जांच की गई। जिसमें लैलूंगा विकासखंड से 57, पुसौर से 164, चपले से 56, तमनार से 55, धरमजयगढ़ से 218, लैलूंगा से 50 एवं घरघोड़ा से 116 गर्भवती माताएं शामिल थी।

**आधे कर्मचारियों के एसआईआर में व्यस्त होने की वजह से राजस्व का काम अधूरा**

# एसआईआर ने बिगाड़ी निगम की सेहत, पिछड़ गई टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसआईआर के टारगेट ने निगम के राजस्व वसूली का टारगेट को पीछे छोड़ दिया है। इस काम में नगरनिगम के अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में राजस्व वसूली का काम काफी पिछड़ गया है। अभी तक की स्थिति में देखा जाए तो केवल 55 फीसदी ही वसूली का टारगेट पूरा हो सका है। हालांकि अभी तीन महीने का वक्त वसूली के लिए निगम कर्मचारियों के पास बाकी है। इस दौरान टारगेट पूरा करने के लिए 45 प्रतिशत वसूली करनी पड़ेगी। दिसंबर पूरा महीने एसआईआर काम करना होगा। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 8 महीने गुजरने के बाद भी निगम की राजस्व वसूली अपेक्षाकृत कमजोर नजर आ रही है। निगम की राजस्व विभाग नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले व पालिका का इस्तेमाल करने वाले लोगों से करोडो रूपए के टैक्स नहीं वसूल पा रही है। इस वर्ष संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर ,दुकान किराया अन्य मिलाकर निगम को 3039 करोड रूपए की वसूली का लक्ष्य रखा गया है । जिसमें वर्तमान 8 माह की स्थिति में केवल 55.47 प्रतिशत की ही वसूली हो पाई है। राजस्व विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब केवल 4 महीनें ही शेष हैं। इस अवधि में निगम को 45 प्रतिशत की राजस्व वसूली करनी होगी। नगरीय निकायों का आर्थिक स्त्रोत अमूमन राजस्व वसूली पर ही टिका रहता है। निकाय के कर्मचारियों का वेतन व्यवस्था भी राजस्व पर ही निर्भर करता है। यही वजह है कि जिन निकायों में वसूली कमजोर रहती है।



करदाताओं व बकायादारों से राजस्व वसूली निरंतर चलाई जा रही है, यह एक सतत प्रक्रिया है। जल्द ही वार्डों एवं अन्य स्थानों पर कैंप लगा कर राजस्व वसूली में तेजी लाई जाएगी ।
**ब्रजेश सिंह क्षत्रिय**
निगम आयुक्त।

**अप्रैल से नवंबर माह तक की स्थिति (लाख में)**

| राजस्व मद | मांग | वसूली |
|---|---|---|
| संपति कर | 1360.99 | 661.08 |
| समेकित कर | 247.72 | 145.74 |
| जलकर | 675.22 | 306.41 |
| दुकानों का किराया | 193.35 | 148.24 |
| यूजर चार्ज | 385.08 | 247.57 |
| अन्य | 176.85 | 176.85 |

### कर्मचारियों की डयूटी एसआईआर में

निगम के राजस्व वसूली में पिछडनें का एक कारण कर्मचारियों की डयूटी एसआईआर के कार्यों में लगे होना भी है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मानें तो उनकी डयूटी कुछ दिनों से एसआईआर के कार्यों में थी , जिसकी वजह से वसूली नहीं हो पाई ।जैसे ही एसआईआर के कार्य खत्म होंगें विभाग फिर से राजस्व वसूली करने के लिए सख्ती के साथ अभियान चलाएगा।

### हर साल की तरह फिर से चलेगा अभियान

अक्सर देखा जाता है कि राजस्व वसूली में तेजी वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम एक दो महीने में दिखाई देती है, लेकिन वर्तमान आंकडो को देखा जाए तो यह निगम के आर्थिक सेहत के लिए अच्छा नहीं है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष रायगढ नगर निगम वसूली में पूरे राज्य में दूसरे नंबर पर था। हालांकि इस वर्ष की स्थिति 2 महीने बाद ही स्पष्ट रूप से नजर आ पाएगी।

## शहर की सड़क पर क्षमता से ज्यादा भारी वाहनों की हर रात हो रही आवाजाही



**रायगढ़।** शहर की सड़कें चार पहिया वाहनों की क्षमता के हिसाब से बनती है, लेकिन यहां तो हर दिन उससे दो-तीन गुनी अधिक क्षमता की वाहनें बेधड़क दौड़ रही हैं। इसका अंदाजा मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे बोईरदादर चौक स्थित इडेन गार्डन तक लगी भारी और ओवर लोड वाहनों की लंबी कतारों से लगाया जा सकता है। यह लंबी लाइन इंदिरा विहार रोड से आगे दो किमी तक लगने की जानकारी मिली है। यहां कोई भारी वाहन का ब्रेक डाउन हो गया था। ऐसे में एक साइड वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। यह एक दिन नहीं बल्कि हर रात की कहानी है। रात 11 बजे के बाद से शहर भीतर से भारी और ओवर लोड गाड़ियों की आवाजाही शुरु होती है जो सुबह 6बजे के आसपास उनके पहिए थमते हैं। अब इन सड़कों पर क्षमता से अधिक लोड़ की वाहनें चलेंगी तो अंदाजा लगा सकते हैं कब तक सड़क टिकेगी। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

## वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

रायगढ़। रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत सड़क दुर्घटना प्रकरणों में पीड़ति परिवारों व घायलों को आर्थिक राहत प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन ने वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। एसडीएम रायगढ़ ने दो मृतकों के निकटतम वारिसों को 25-25 हजार रुपए तथा चार घायलों को 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। मृतक व्यक्तियों में स्व.सुरेन्द्र राठिया पिता.मोतीराम राठिया निवासी, ग्राम कैसर थाना घरघोड़ा, रायगढ़ एवं स्व. राजकुमार पिता.सज्जन निवासी ग्राम तारापुर तहसील व जिला.रायगढ़ शामिल है।

# खिलाड़ियों का सम्मान किया कलेक्टर ने



**रायगढ़।** नेशनल लैक्रोस फेडरेशन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाने वाले रायगढ़ जिले के 26 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंनें जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने कहा कि खेल न केवल अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैंए बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं। जिला प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## कभी जिला प्रशासन तो कभी निगम, कभी जनप्रतिनिधियों के पहुंच रहे द्वार

# सड़क बनाने तोड़ा घर, मुआवजे की मांग लेकर 13 सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे बुजुर्ग दंपती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में एक बुजुर्ग पति-पत्नी पिछले 13 सालों से अपने मकान के मुआवजे के लिए दर -दर भटक रहे हैं। अपने ही जमीन अपने ही घर के मुआवजे की मांग करते कभी कोर्ट तो कभी कलेक्टर के पास कभी नगर निगम तो कभी विधायक निवास का चक्कर काटते अब वे पूरी तरह टूट चुके हैं। इसके बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली । उचित न्याय की आस में बुधवार को एक बार फिर दंपत्ती सभी दस्तावेज आँर आवेदन लेकर निगम पहुंचे। जहां उन्होंने निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए अपने मकान के लिए उचित मुआवजा दिलाने की मांग की । मामला रायगढ शहर के जूटमिल क्षेत्र का हैं, जहां सडक के किनारे मेन रोड पर सोमारी माली नामक व्यक्ति का 2 मंजिला मकान था। जिसमें वे अपने परिवार के साथ रहते थे। 13 साल पहले गौरव पथ निंमाण के लिए सोमारी माली के 2 मंजिला मकान को प्रशासन द्वारा तोडा गया। उस वक्त प्रशासन के अधिकारियों ने कहा था कि उन्हें इस मकान के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों की बात मानते हुए उन्होंने इसके लिए हामी भर दी, लेकिन 13 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई।

### कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं मिली मदद

घर टूटने के बाद बुजुर्ग पति-पत्नी किराये के मकान में रहने को मजबूर हैं।सोमारी माली ने मुआवजे की मांग के लिए कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया जहां से कोर्ट ने उन्हें उचित मुआवजा देने का आदेश दिया । इसके बाद भी उन्हें बार बार दफ्तरों का चक्कर काटना पड रहा है। सोमारी माली नें बताया वे नगर निगम में महापौर मधु किन्नर के समय से आ रहे है। दो महापौर बदल गए लेकिन न्याय नहीं मिल पाया। अब अधिकारी कह रहे हैं कि कैदीमुडा के तालाब को पाटनें का कार्य चल रहा है, तालाब पाटने के बाद उन्हें वहां जमीन दिया जाएगा,जबकि बात मुआवजे की थी । न्याय की आस लेकर एक बार बुजुर्ग दंपत्ती नें आयुक्त व महापौर को ज्ञापन सौंपा जहां से एक बार फिर उन्हें मदद करनें की बात कही गई।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

10-Dec -RAg BHOOMI -pg-2_Layout 1 12/10/2025 9:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रात में केबल बिछाने के कार्य पर विवाद, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**राउरकेला।** अग्रसेन भवन के पास मुख्य सड़क पर इन दिनों रात के समय केबल बिछाने का काम चल रहा है। इस प्रक्रिया के तहत सड़क किनारे गड्ढे खोदकर केबल डाले जा रहे हैं। मानक नियमों के अनुसार खुदाई के बाद गड्ढों को पहले ताज़ी रेत से भरना और उसके बाद सीमेंट.कंक्रीट से मजबूती देना अनिवार्य होता हैए ताकि सड़क की सुरक्षा और टिकाऊपन सुनिश्चित हो सके, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेका कंपनी नियमों की अनदेखी कर रही है। ताज़ी रेत की जगह खुदाई में निकले कचरे और मिट्टी को ही दोबारा भर दिया जा रहा हैए जिसके ऊपर सतही रूप से सीमेंट प्लास्टर कर दिया जाता है। इस तरह की लापरवाही को लेकर लोगों में नाराज़गी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गलत तरीके से भरे गए हिस्से जल्द ही धंस सकते हैं, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ आवागमन भी जोखिम भरा हो जाएगा।

### सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र में सुरक्षा अधिकारियों की बैठक

**राउरकेला।** सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के कार्यपालक निदेशक संकार्य सचिवालय स्थित समागमय सम्मलेन कक्ष में 3 दिसंबर को सुरक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। ओडिशा सरकार के फैक्ट्रीज़ एवं बॉयलर्स निदेशालय के उपनिदेशक, बिभु प्रसाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाए, हीरालाल महापात्र, महाप्रबंधक सुरक्षा इंजीनियरिंग, अबकास बेहरा तथा ओडिशा सरकार के फैक्ट्रीज़ एंड बॉयलर्स विभाग के सहायक निदेशक स्वराज कुमार त्रिपाठी और सुबेन्धु शेखर राउत उपस्थित थे। 50 से अधिक विभागीय एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारीयों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में, प्रसाद ने औद्योगिक इकाइयों में वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करने और एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति को बनाए रखने में सुरक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### अशोक ने सीनियर मास्टर एथलीट में जीते तीन स्वर्ण

**राउरकेला।** शहर के 72 वर्षीय धावक अशोक कुमार बिशवाल ने अदम्य जज़्बे और अनुशासन का परिचय देते हुए 7वीं सीनियर मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में तीन स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के अनुभवी एथलीटों ने हिस्सा लिया। जिनके बीच अशोक बिशवाल का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। ओड़िशा की टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। बिशवाल की कामयाबी से राउरकेला में खुशी की लहर है।

### आने और जाने दो बार लगानी होगी बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस, नहीं तो अबसेंट

**रायगढ़।** जिला कार्यालय संयुक्त भवन में संचालित समस्त कार्यालयों एवं विभागों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधार सक्षम बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह व्यवस्था 10 दिसंबर से प्रभावशील कर दिया गया है। कलेक्टर निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय में अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराएंगे, साथ ही कार्यालयीन समय पश्चात वापसी के समय भी बॉयोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से अपनी उपस्थिति अंकित करना आवश्यक होगा। यदि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं की जाती है तो उस दिन की उपस्थिति अनुपस्थित मानी जाएगी एवं नियमानुसार अवैतनिक अवकाश स्वीकृत किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

### निक्षय निरामय अभियान, जिले में किया जा रहा प्रभावी क्रियान्वयन

**रायगढ़।** निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में टीबी रोगियों को समय पर जांच, उपचार और शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम.आमापाली निवासी 28 वर्षीय संजय कुमार राठिया का योजना के तहत सफल इलाज किया गया। इससे उन्हें टीबी जैसे गंभीर बीमारी से मुक्ति मिल गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उच्च शिक्षा के साथ.साथ छोटा.सा मार्केटिंग कार्य करने वाले संजय राठिया को कुछ समय से लगातार खांसी, शाम के समय बुखार, भूख में कमीए वजन घटना, शरीर में कमजोरी एवं थकान जैसी समस्याएं हो रही थीं। इसी दौरान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत गांव में सर्वे कर रही मितानिन द्वारा उन्हें टीबी जांच कराने की सलाह दी गई।

### रात में मवेशियों से बढ़ा खतरा

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी का दर्जा पाने वाला राउरकेला इन दिनों आवारा मवेशियों की समस्या से जूझ रहा है। हालात यह हैं कि न केवल दिन में बल्कि रात के समय भी शहर की सड़कों पर मवेशियों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार की रात बसंती कॉलोनी स्थित मंगला मंदिर के निकट सड़कों पर दर्जनों मवेशियों को बेधड़क विचरण करते देखा गया जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले सोमवार की शाम राउरकेला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर.1 पर एक सांड़ के बेखौफ घूमने की घटना ने यात्रियों में दहशत पैदा कर दी। प्लेटफॉर्म जैसे संवेदनशील स्थान पर आवारा पशु का पहुंच जाना शहर की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार.बार शिकायतों के बावजूद राउरकेला नगर निगम आरएमसी का संबंधित विभाग पूरी तरह लाचार नजर आ रहा है। आवारा मवेशियों को पकड़ने और नियंत्रित करने की कार्रवाई न के बराबर हैए जिसके कारण शहर में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है।

## पत्थलगांव में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

# चेकमेट जशपुर शतरंज स्पर्धा में चमके जिले के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तर्कशीलता, निर्णय कौशल तथा खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चेकमेट एट जशपुर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल और विकासखंड स्तर के बाद आज पत्थलगांव के पीएम श्री स्कूल में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय एवं कलेक्टर श्री रोहित व्यास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

- विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार किए गए प्रदान

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने फाइनल के आठ विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा रैंक के अनुसार 2,000 से 5,000 रुपये तक के नगद पुरस्कार प्रदान गए। प्रथम स्थान पर बगीचा के प्रिंस ठाकुर रहे, जिन्हें 5,000 रुपये और विजेता कप प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर प्रांजल शर्मा बगीचा को 3,000 रुपये और ट्रॉफी दी गई। तृतीय स्थान पर जशपुर के एलेन एफल लकड़ा रहे, जिन्हें 2,500 रुपये का पुरस्कार मिला। चौथे स्थान पर हर्ष साहू को 2,500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। पांचवें स्थान पर मनोरा के राज्य वर्धन सिंह, छठे स्थान पर पत्थलगांव के सतीश तिग्गा, सातवें स्थान पर सिद्धिविनायक एक्का और आठवें स्थान पर कांसाबेल के योगेश पैंकरा को 2,000 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऑर्बिटर को भी समारोह में





सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बनाया। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई और समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह तथा खेल भावना का विशेष रूप से प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल जीवन की चुनौतियों का सामना करना सिखाता है और कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। विधायक ने बच्चों से कहा कि वे खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाएँ और निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखें। समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि यह खेल बच्चों में धैर्य, समय-प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और रणनीतिक सोच विकसित करता है। कलेक्टर ने बच्चों को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जशपुर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

### तीन चरणों में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता

चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले के सभी शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त हाई तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शतरंज प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताएं चरणवार आयोजित की गई। पूरे आयोजन में बालक और बालिका दोनों एकसाथ भाग लिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की आयु या कक्षा संबंधी बाध्यता नहीं रही। अभियान के दौरान जिले के विद्यालयों में उत्साह का माहौल रहा और विद्यार्थियों में शतरंज के प्रति बढ़ती रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम से जिले में कई प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी उभरकर सामने आए। विद्यालयों में शतरंज खेलने वाले विद्यार्थियों का चयन उपरांत चयनित विद्यार्थियों को 01 से 03 दिसम्बर तक खेल कालखंड में प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण दिया गया। जिसका संचालन खेल प्रशिक्षक तथा शतरंज में दक्ष शिक्षक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण उपरांत 04 एवं 05 दिसम्बर को विद्यालय स्तर पर नॉकआउट पद्धति से प्रतियोगिता कराई गई। इसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विद्यालय की असेंबली में प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद 06 से 08 दिसम्बर तक विकासखंड स्तर की प्रतियोगिता सेजेस विद्यालयों में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई। इस चरण में विद्यालय स्तरीय विजेता और उपविजेता खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से हुई तथा क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अंतिम चरण में आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता पत्थलगांव में आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक विकासखंड से शीर्ष 08 खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लिए। प्रतियोगिता नॉकआउट प्रारूप में हुई तथा अंतिम आठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ओड़िशा पहुंच गया झारखंड का धान, गोदामों में कर रहे डंप

**राउरकेला।** ओडिशा-झारखंड सीमा से लगे ब्लॉकों के अधीन में 20 दिसंबर के बाद मंडी खोलने की तैयारी है। पंजीकृत किसानों को अगले 3-4 दिनों में धान बेचने के लिए टोकन मिलेगा। दूसरी ओर सरकार के कड़े निर्देशों के बावजूद इस बार भी टोकन मिलने से पहले ही दलाल सक्रिय हो गए हैं। किसानों के माध्यम से झारखंड का धान खरीदकर अपने गोदामों में जमा कर लिया गया है। कुछ दलालों ने इसे चावल मिलों में भी रखवाया है। झारखंड के हुर्रा, मनोहरपुर, ओडगाँव, पानीयासाल और बांसाझोर जैसी सीमावर्ती बाजारों और गांवों के आदिवासी किसानों को लालच देकर दलाल 2 हजार से 2 हजार 200 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए ट्रकों की जगह पिक.अप वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ओडिशा में आने वाली मुख्य सड़कों से बचकर गलियों और वैकल्पिक रास्तों से होकर बिश्रा, नुआगाँव, हाथीबाड़ी, सोरडा, बड़ा जोजोड़ा, खुण्टगांव, बारिबेड़ा, कुआरमुंडा आदि क्षेत्रों में झारखंड का धान पहुंचा रहे हैं। चूंकि टाटा गाड़ियों से धान आ रहा है, इसलिए आपूर्ति विभाग या कर्मचारियों को इसकी पहचान करना कठिन हो रहा है। देर रात और सुबह सैकड़ों क्विंटल झारखंड का धान सीधे चावल मिलों और दलालों के गोदामों में पहुंच रहा है। पिछले वर्ष ओडिशा में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल था। इस बार सरकार 3169 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। दलाल झारखंड के किसानों से 2000 रुपए में धान खरीदकर इसे ओडिशा की मंडी में 3169 रुपए में बेचकर प्रति क्विंटल लगभग 1000 रुपए का लाभ कमाने की योजना बना रहे हैं। नुआगाँव, कुआरमुंडा, बिश्रा और लाठीकाटा जैसे ब्लॉकों में किसानों को एक टोकन पर 10 से 50 क्विंटल तक धान बेचने की अनुमति होती है।

### प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर प्रशिक्षण कल

**रायगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिले से मास्टर ट्रेनर के रुप मंव राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों द्वारा सीपीआर एवं प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसके लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिले के समस्त विभागों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को 12 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कुष्ठ जांच के लिए चलेगा अभियान



**बिलाईगढ़।** कुष्ठ की सघन जांच खोज अभियान एलसीडी 8 से 31 दिसंबर तक खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मितानिन घर घर जाकर प्रत्येक व्यक्तियों की जांच कर रही है इस हेतु मितानिन को प्रशिक्षित किया गया है। जांच में कुष्ठ के सभी शकाष्प्रद कुष्ठ रोगियों की चिन्हांकन किया जाएगा।

शंकाप्रद मरीजों को सत्यापन चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा। धनात्मक रोगियों को की दवाइयां देकर इन्हें रोग मुक्त किया जाना है और प्रत्येक ग्राम एग्राम पंचायत को कुष्ठ से मुक्त किए जाने है। इस लिए मितानिनों को घर घर जाना है इसी कार्य की निरीक्षण के लिए आज जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला के द्वारा बिलाईगढ़ के इंदिरा गांधी वार्ड न 7 के अनेकों घरों में जाकर सत्यापन किए एवं क्षेत्र के मितानीन को आवश्यक समझाइश दिए।इसके बाद इन्होंने धनसीर के मितानिनों को समझाइए दिए एवं जांच खोज अभियान की समीक्षा किए याद रहे बिलाईगढ़ एक हाइ इंडिमिक ब्लॉक है कुष्ठ के संदर्भ में आम नागरिकों से आग्रह है कि मितानिन आपके घर पहुंचेंगे घर के प्रत्येक सदस्यों के शरीर की जांच करेंगे एवं जिनके शरीर में कुष्ठ के लक्षण पाए जाएंगे उनका सत्यापन प्रशिक्षित स्टाफ के कराकर धनात्मक मरीजों को की दवाइयां देकर उन्हें रोग मुक्त किया जाएगा खोज किया जाना है।

## देशी शराब दुकान के अहाते सड़क तक, आवागमन बाधित



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में चल रहे सरकारी शराब दुकान का अहाता चलाने वाले लोग शाम को सडक तक चले आते हैं जिससे लोग सडक में ही खरीदी करते रहते हैं और वहीं पीते भी हैं। जबकि इस बीच भारी वाहनों के साथ साथ तेज गति से दोपहिया वाहन चलते रहते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जानकारी के मुताबिक देशी शराब दुकान के संचालक सुपरवाईजर विक्रेता लोगों का इन दुकानदारों को समर्थन रहता है क्यों कि इनके द्वारा अहाता का भुगतान किया जाता है। ज्ञात हो कि कैशलेस लेन देन को बढावा देने वाली सरकार यहां बारकोट , स्केनर का अभाव रहता है इसलिए अधिकांश लोग नकद में खरीदी करते हैं।

## 17 दिसंबर से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 17 दिसम्बर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बताया कि युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागी 16 दिसम्बर तक अपना पंजीयन करा सकते है।

उन्होंने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से नगर पालिक निगम ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी एवं दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेज संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम कार्यालय के पास पंजीयन या कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ स्टेडियम में उपस्थित होकर पंजीयन करार सकते हैं।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में निम्नांकित विधाएं जैसे लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद.विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेषभूषा, रॉकबैंड आदि विद्याएं सम्मिलित होंगी।

## नशे की हालत में पूरे शहर में बस को घुमाता रहा खलासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर में मंगलवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक बस के खलासी ने नशे की हालत में बस को पूरी तरह अनियंत्रित अवस्था में शहरभर में दौड़ा दिया। थोड़ी सी देर और होती तो यह लापरवाही एक बड़ा जन-हानि वाला हादसा बन सकती थी।

- घर को किया क्षतिग्रस्त, युवक घायल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड में बस को लगाने के लिए निकला सन्नी बस का खलासी नशे की हालत में था और बस पर से नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान बस ने सन्ना रोड स्थित मंदिर के पास एक घर के मुख्य दरवाजे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी बस नहीं रुकी और तेज रफ्तार में भागती रही। उसके बाद बस बेकाबू अवस्था में महाराज चौक, देवी





मंदिर, जिला अस्पताल, थाना परिसर एवं कलेक्टेट कार्यालय के सामने से होती हुई गम्हरिया मार्ग की ओर निकली। रास्ते भर लोग और वाहन चालक बस से बचने के लिए इधर-उधर होते रहे और शहर में दहशत का माहौल बन गया। बस इसके बाद गिरांग मोड़ के रास्ते वापस शहर में लौटी, जहां नदी मार्ग पर चलते हुए ग्राम बघिमा निवासी एक युवक को जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद भी बस आगे बढ़ती रही, लेकिन कुछ दूर जाकर सड़क किनारे बने गड्ढे में फंसकर रुक गई।

### बिना लाइसेंस के चला रहा था, बस हुई जब्त

पुलिस की जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि नशे में बस चला रहे खलासी के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। इसके बावजूद वह खुद बस चला रहा था। पुलिस ने 'सन्नी बस'को जब्त कर लिया है और आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई जारी है। साथ ही बस मालिक और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है कि लाइसेंस रहित व्यक्ति व नशे की हालत में बस कैसे चला रहा था।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 24 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मिट्ठुमुड़ा सी वार्ड क्रमांक 36 एवं आंगनबाड़ी केंद्र भोलेपारा बी वार्ड क्रमांक 16 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसारए आवेदन पत्र 24 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक संवर्ग की अंतिम चयन सूची हुई जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023- 24 की अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसमें जिला जशपुर हेतु 102 आरक्षक (जीडी) व 4 आरक्षक ट्रेड सहित कुल 106 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सूची जारी किया गया है, व अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची भी जारी की गई है। चयन सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर व पुलिस कंट्रोल रूम जशपुर में चस्पा की गई है, अभ्यर्थी के द्वारा वहां जाकर भी चयन सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## अवैध धान जब्त, सरहदी राज्यों से धान तस्करी के खिलाफ अभियान तेज

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान तस्करी पर लगाम लगाने पुलिस का अभियान लगातार जारी है। बुधवार को थाना लोदाम और चौकी कोल्हेनझरिया पुलिस ने मिलकर तीन अलग-अलग वाहनों से कुल 367 क्विंटल अवैध धान पकड़ा है। जप्त धान की बाजार कीमत 8 लाख 44 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में की गई। मंडी बैरियर में ट्रक से मिला 300 क्विंटल धान 8 दिसंबर को लोदाम पुलिस मंडी बैरियर के पास नाका चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक सीजी-12-एटी-8565 को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में 634 बोरी में 300 क्विंटल धान मिला। चालक शशिकांत साहू उम्र 37 वर्ष, निवासी इंदौर ने धान को गुमला, झारखंड से लाना बताया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रक सहित धान जप्त कर जिला प्रशासन को सौंप दिया। पिकअप और ट्रैक्टर पकड़ा गयाइसी दिन कोल्हेनझरिया पुलिस ने गश्त के दौरान एक बिना नंबर की पिकअप और ट्रैक्टर सीजी-13-एआर -3071 से 67 क्विंटल धान बरामद किया। पिकअप चालक शीत कुमार यादव उम्र 27 वर्ष ने धान को सुंदरगढ़ ,उड़ीसा से लाना बताया, जबकि ट्रैक्टर चालक संदीप बड़ा उम्र 40 वर्ष, निवासी माटीपहाड़ कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका।



## बगीचा में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

# 2100 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बगीचा में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ आज भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। नगर में चारों ओर पीत वस्त्रों से सुसज्जित मातृशक्तियों ने आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। नगर की विभिन्न दिशाओं से निकली कलश यात्राएं स्थानीय डोड़की स्थल पर एकत्रित हुईं, जहां 2100 कलशों में जल पूजन कर देवशक्तियों का आवाहन किया गया और यज्ञशाला में उनका विधि-विधान से स्थापना की

- शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रज्ञापुत्रों ने कराया कलश पूजन



गई। यज्ञीय अनुष्ठान के प्रथम दिवस की शुरुआत गायत्री परिवार बगीचा द्वारा संपन्न कलश शोभायात्रा से हुई। पूरे नगर को विचार क्रांति अभियान के पीले ध्वजों और पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ बगीचा, शिव मंदिर रौनी रोड तथा झांपीदरहा दुर्गामंदिर से निकली कलश यात्राओं ने पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रज्ञा पुरोहित आदरणीय दिनेश जी पटेल, भूषण साहू, छविलाल जी, हेमलाल जी एवं गणेश जी का स्वागत यज्ञ समिति द्वारा ससम्मान किया गया।

### वंदन एवं आरती महिला मंडल ने किया

पहले दिवस के मुख्य संबोधन में टोली नायक दिनेश पटेल ने कहा कि यह महायज्ञ सभी के दुख निवारण एवं विचार निर्माण का अवसर है। उन्होंने कहा हम सबमें देवत्व का वास जागृत हो, व्यक्ति के विचार बदलें—इसी उद्देश्य से यह यज्ञीय अनुष्ठान आयोजित है। कार्यक्रम में 'माता तेरे चरणों में स्थान जो मिल जाए' जैसे सुमधुर गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जहां गायत्री यज्ञ होता है, वहां लोगों का दृष्टिकोण स्वतः परिवर्तन की ओर अग्रसर होता है। श्री पटेल ने गुरु शंकराचार्य के उद्धरण के माध्यम से बताया कि मनुष्य को मनुष्यता, देवत्व और श्रेष्ठ गुण—ये तीन चीजें दुर्लभ हैं, और ऐसे महायज्ञ विशेष दैवीय अनुग्रह का अवसर प्रदान करते हैं।


### प्रातः 9 बजे से तीन दिनों तक चलेगा यज्ञ

उन्होंने बताया कि जैसे नदियां समुद्र में जाकर मिल जाती हैं, वैसे ही यज्ञ के माध्यम से मनुष्य के दोष और कषाय शांत होकर देवत्व की ओर प्रगति होती है। यज्ञ जीवन का अनुशासन है, और जो हम यज्ञ में अर्पित करते हैं, उसका शुभ फल हमें अनेक गुना प्राप्त होता है। शास्त्रों में यज्ञ को सर्वोत्तम कर्म कहा गया है। आयोजकों ने बताया कि अनुष्ठान आगामी तीन दिनों तक चलेगा। कल प्रातः 9 बजे से यज्ञ हवन, देवपूजन एवं देव आवाहन की विधियां संपन्न होंगी।

## कुष्ठ खोज अभियान 31 तक, करेंगे घर-घर सर्वे



**रायगढ़।** जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान का संचालन किया जा रहा है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान, त्वरित उपचार सुनिश्चित करना तथा वर्तमान 3.31 प्रसार दर को शासन के मानक अनुसार 1 से कम करना है। जिला मलेरिया एवं कुष्ठ अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने जानकारी दी कि अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों आरएचओ एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जाएगी। सर्वेक्षण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 15 से 20 घरों तथा शहरी क्षेत्रों में 20 से 25 घरों का सर्वे किया जाएगा। इस दौरान कुष्ठ रोग के शंकास्पद मामलों की पहचान कर प्रारंभिक अवस्था में ही एमडीटी दवा उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे रोग के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



## विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



## बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुईं भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



## वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार


**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



## वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



## बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी' कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

### एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



## एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

## 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

### ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस


***नई दिल्ली।** 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### मनीष बने पुलिस आरक्षक

**घौठला बड़े।** सिंगारपुर से ताल्लुकात रखने वाले मनीष पटेल का पुलिस आरक्षक के पद पर चयन हुआ है। उन्होंने न केवल



अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। किसान परिवार से आने वाले मनीष पटेल की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। मनीष बचपन से ही पुलिस वर्दी पहनकर समाज की सेवा करने का सपना देखते थे। खेतों में पिता का हाथ बटाने के साथ काम करने के बाद वे रोजाना पढ़ाई और शारीरिक तैयारी के लिए समय निकालते थे। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने उनका पूरा साथ दिया। मनीष पटेल ने अपनी लगन और मेहनत के दम पर लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। मोहल्ला मानपुर में 10 वा रैंक सीजी पुलिस में स्थान बनाया है।

### मन्यूरोसर्जन, नेफ्रोलॉजी की मिलेगी सुविधा

**रायगढ़।** स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय में दिवंगत अधिष्ठाता डॉ विनीत जैन के द्वारा किए गए प्रयासो के उपरांत शहर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ नितीश नायक एयूरोसर्जन डॉ केडी खरे एवं नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. मीना पटेल सप्ताह ने एक दिन चिकित्सा परामर्श देकर इलाज करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति को रायगढ़ मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों के लिए लाभदायक बताया है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि लोगों को उनके शहरों और गांवों के आसपास ही बेहतर और उच्च चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों ताकि उन्हें इलाज के लिए लंबी दूरी न तय करनी पड़े ।

### सारंगढ़ अस्पताल में करा सकते हैं सर्जरी

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सर्जरी से सम्बंधित मरीजों को ऑपरेशन के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तारतम्य में सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने मरीजों को सर्जरी की आवश्यकता है वे जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के ओपीडी कक्ष क्र 04 में आकर डॉ. राकेश साहू सर्जरी विशेषज्ञ से आवश्यक जांच कराकर निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा का लाभ ले सकते है। सर्जरी के लिए मरीज अपना आयुष्मान कार्ड साथ लेकर आएं।

### नए श्रम नियमों से क्षुब्ध सीटू ने भरी हुंकार

**राउरकेला।** सीटू से संबद्ध विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम नियमों के खिलाफ मंगलवार को उदित नगर श्रम कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। सुंदरगढ़ इंडस्ट्रियल मज़दूर यूनियनए आईएफजी रिफ्रेक्ट्रीज़ वर्कर्स यूनियन और एशियाटिक ऑक्सीजेन एम्प्लॉयज़ यूनियन के प्रतिनिधियों ने इन नियमों को श्रमिक.विरोधी बताते हुए गहरा असंतोष जताया। यूनियनों ने अपने ज्ञापन में वर्किंग आवर को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने, ओवरटाइम सीमा में वृद्धि और महिला श्रमिकों से रात्रि पाली में काम लेने की अनुमति जैसे प्रावधानों को स्वास्थ्यए सुरक्षा और श्रमिक गरिमा के विरुद्ध बताया।

## ग्रामीणों में पनप रहा असंतोष, मेले में ओडिशा समेत अन्य प्रांत के पहुंचते हैं लोग

# प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम पहुंच मार्ग जर्जर, बढ़ी परेशानी

**बढ़ा रही है भक्तों की परेशानी प्रशासन की अनदेखी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के एकमात्र प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम में मकर संक्रांति के अवसर पर सात दिवसीय मकर संक्रांति मेला का आयोजन होता है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां मकर संक्रांति स्नान एवं मेला देखने पहुंचते हैं, लेकिन सड़क की हालत जर्जर होने पर इसकी सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसके कारण श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परसरामपुर से पोरथ की दूरी करीब 5 किलोमीटर की है।

रास्ता संकीर्ण एवं जर्जर होने पर लोगों ने कई बार सड़क मरम्मत की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन की उदासीन रवैया के कारण प्रतिवर्ष यहां श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मकर संक्रांति स्नान एवं स्वयंभू शिव मंदिर दर्शन तथा मेला का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचाने का मुख्य मार्ग जर्जर होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खराब सड़क और संकीर्ण रास्ता की कारण यह यात्रा न केवल कठिन हो रही है, बल्कि प्रशासन की उदासीनता से जनता में नाराजगी भी बढ़ रही है। हर साल की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर स्वयंभू शिव मंदिर पोरथ धाम में विशाल मेला का आयोजन होगा। संवाददाता वीरेंद्र सोनी को बताया गया कि इस बार पोरथ धाम मेला में नया पन देखने को मिलेगा।





### अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण

पोरथ तीर्थ स्थल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की अस्थि विसर्जन के बाद यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी अनावरण की तैयारी भी चल रही है और मुख्यमंत्री विष्णु देव सायए वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही एवं भाजपा के दिग्गज नेताओं की आने की संभावना है। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेला को लेकर इस बार मेला स्थल हाई स्कूल के पास विशाल मैदान में लगाने की भी तैयारी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के आने की संभावना

इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी की आने की संभावना बताई जा रही है। परदेसी प्रधान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सरिया ने बताया कि मकर संक्रांति मेला 7 जनवरी से 14 जनवरी तक संपन्न होता है और इस बार यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी की आने की संभावना है। यहां इसके लिए तैयारी प्रारंभ की जा रही है।



## बीते साल के टारगेट से पार हुआ धान खरीदी का आंकड़ा, 5.24 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अब तक 9734 किसानों से कुल 5 लाख 24 हजार 936.80 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें 3,865 सीमांत कृषक, 5135 लघु कृषक तथा 734 बड़े कृषक शामिल हैं। वहीं इस अवधि में किसानों को 10186.28 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया गया है।

धान खरीदी प्रक्रिया के अंतर्गत 4434 कृषकों ने अब तक कुल 238.75 हेक्टेयर कृषि रकबा किसानों द्वारा समर्पित किया गया है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्तमान में उपार्जन केंद्रों की खरीदी सीमा में वृद्धि की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में सभी समितियां मैनुअल टोकन वास्तविक धान की आवक एवं निर्धारित लिमिट के अनुरूप ही जारी करें। टोकन काटते समय लघु एवं सीमांत कृषकों को अनिवार्य रूप से प्राथमिकता दी जाए। निर्धारित सीमा शेष रहने की स्थिति में दीर्घ कृषकों के टोकन काटे जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले की किसी भी समिति में लघु अथवा सीमांत कृषकों का टोकन नहीं कटने जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि धान उपार्जन केंद्रों पर खरीदे गए धान एवं शेष बारदानों का साप्ताहिक भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

# अग्नि दुर्घटना से बचाव को लेकर की गई मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अग्नि दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों की सुरक्षा एवं बचाव के लिए एनडीआरएफ़ए सीआईएसएफ, जिला प्रशासन एवं आस पास के बड़ी उद्योग के सहभागिता में एनटीपीसी लारा के प्रशासनिक भवन चक्रधर भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन 10 दिसम्बर को किया गया।

आगजनी के समय लोगो कों सुरक्षित बचाव करना एवं जान माल की नुकसान को यथा संभव कम करने के लिए सभी पक्ष की सयुंक्त प्रयास से मोक्क ड्रिल का आयोजन किया गया। पूरे प्रकरण को जीवन्त प्रदर्शन करते हुए बिल्डिंग मे आग लगने की साइरन बजाया गया एवं लोगोकों आपदा एकत्रित स्तल पर इकठा किया गया साथ ही एम्ब्युलेन्स एवं अग्नि शमन विभाग को बुलाया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा आग को बुझाया गया और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल को बुलाया गया। जिनहोने ऐसी स्थिति से निपटने में माहिर है। एनडीआरएफ़ की जवानो ने ऐसी आपदा में लोगों को भवन से निकालने तथा अगर कोई धुएँ के कारण दमघुटने के कारण अचेत हुआ हो उसको बचाव करने के लिए रस्सी से केसे नीचे उतारा जाता है उसका जीवंत प्रदर्शन किया गया। साथ साथ प्रभावितों को फास्ट ऐड देना एवं बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान के लिए हस्पताल भेजना आदि सम्पन्न किया गया। पूरे व्यवस्था को अच्छे से सम्पन्न करने के लिए केशब चन्द्र सिंघा रॉय, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उप कमांडेंट पवन जोशी, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, राहुल पटेल, जिला अग्नि अधिकारी प्रमोद जोगी एवं उनके टीम, अदानी पावर के सुरक्षा अधिकारी संदीप सिंह, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी लारा के सुरक्षा विभाग एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।





### नाली निर्माण के बाद सड़क से नहीं हटा मलमा, लोग परेशान

**रायगढ़।** पंजरी प्लांट में नाली निर्माण पूरा हुए करीब 8-9 दिन हो गया, लेकिन अब तक सड़क पर पड़े मलमा नहीं हटा है। इसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वार्ड के चुने हुए जनप्रतिनिधि का ध्यान ही नहीं है। ऐसे में आए दिन लोगों को जहां परेशानी हो रही है। वहीं मोटरसाइकिल से लो गिर रहे है। जहां नाली निर्माण हुआ वहां पर सकरा रास्ता होने के कारण जाने-आने में लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

# जिला पंचायत में अब नहीं होगा प्लास्टिक का उपयोग, लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा गबेल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें कई महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत प्लास्टिक बोतल मुक्त जिला पंचायत अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर कांच व स्टील की बोतलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सभी सदस्यगण, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान को पहले जिला पंचायत परिसर में नियमित रूप से संचालित किया जाएगा और आगे चलकर इसे गांव.गांव तक विस्तार दिया जाएगा। यह अभियान जिले में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने प्लास्टिक बोतलों का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



## दर्रीपाली ने जीता पहला पुरस्कार 36 टीमों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

ग्राम पंचायत देवलसुरा के युवा सरपंच आदर्श नवयुवक मण्डल अध्यक्ष कृष्णा डनसेना एवं उनके टीम के लोगों के अथक प्रयास से इस साल गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हो गया । इस स्पर्धा में रायगढ जिले के साथ ही सक्ति एवं सारंगढ जिले के कबड्डी टीम शामिल हुए थे। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में 36 टीमों ने भाग लिया था।

मुख्य अतिथि की आसंदी में रहे सरंपच अध्यक्ष हेमान्सु चैहान ने उक्त आयोजन का सराहना करते हुए कहा कि छोटे से ग्राम में यहां के सरपंच कृष्णा डनसेना के नेतृत्व में यह आयोजन एक प्रदेश स्तरीय कबड्डी स्पर्धा के रूप में रहा। इसमें 3 जिले के खिलाडी शामिल हुए थे। छपोरा सरपंच धनेश्वर प्रधान ने इस आयोजन को लेकर कहा कि अपने क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी लारा का सहयोग खेल को बढावा देने के लिये अपेक्षाकृत कम है। निर्णायक मण्डल में शामिल राजेश बैगा, लक्ष्मण सिदार, वृजलाल बारीक, तुलसीलराम प्रधान सहित अन्य मैच के जानकार लोगों ने बताया कि काफी संख्या में यहां अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पहुंची थी। प्रथम पुरस्कार दर्रीपाली कबड्डी टीम ने जीता जिसे 11 हजार 111 रुपए नकद दिया गया । वहीं दूसरा पुरस्कार 7 जार 777 बुनगा कबड्डी टीम ने हासिल किया। इसी कडी में तीसरा पुरस्कार 2 हजार 222 तथा अन्य दर्जनों सांन्त्वना पुरस्कार आए हुए सभी कबड्डी टीम को दिया गया। देवलसुरा में हर साल कबड्डी स्पर्धा होता रहा है, जिसमें इस वर्ष सर्वाधिक कबड्डी टीम ने भाग लिया।

# पुल निर्माण का अटक गया काम, टूटी लोगों की आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

पीपरभावना से गाड़ापाली मार्ग पर बन रहा नवीन पुल अभी तक पूरा नहीं हो सका है। ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी की वजह से अधूरा पड़ा है। 1 करोड़ 23 लाख की लागत से निर्मित यह परियोजना एक साल बीतने के बाद भी सिर्फ एक पिलर के सहारे खड़ी है, जबकि क्षेत्र के लोगों के लिए यह मार्ग जीवन रेखा जैसा महत्व रखता है।

निर्माण स्थल पर न तो परियोजना का कोई साइनबोर्ड है और न मापदंड की जानकारी और न ही सुरक्षा व गुणवत्ता से जुड़ा कोई संकेत। पुल की लंबाई, चौड़ाई, लागत, स्वीकृत एजेंसी सब कुछ जनता से छिपाया जा रहा है, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। पीपरभौना, गाड़ापाली, बोइरडीह, तेंदूदरहा, जमनार, भाटापारा, देवसागर, भटगांव सहित दर्जनों गांव इस मार्ग पर निर्भर हैं। पुल अधूरा होने से छात्रों सहित आमजन को आज भी नाले को पार कर जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह कार्य जिला इंटरप्राइजेज बिलासपुर को दिया गया है, परंतु पूरे एक वर्ष में न पुल की ढलाई शुरू हुई, न छड़ बांधने का काम। सिर्फ दोनो ओर मिट्टी डालकर और एक पिलर खड़ा कर काम को बंद कर दिया गया है। इसे लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्य पूरा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे।



## केरा व शिवरीनारायण में दी दबिश अफसरों ने पकड़े अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अफसरों की टीम ने दबिश देकर केरा व शिवरीनारायण क्षेत्र में कार्रवाई की, जहां केरा से 75 कट्टी व शिवरीनारायण में 42 कट्टी धान को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धा को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज की गई है।



ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में धान परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 9 दिसंबर को तहसील शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम केरा एवं शिवरीनारायण नगर में संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम केरा स्थित मनीष ट्रेडर्स से 75 कट्टी 30 क्विंट धान तथा शिवरीनारायण स्थित विनय जनरल स्टोर से 42 कट्टी 16 क्विंटल धान अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। टीम ने कुल 117 कट्टी (46 क्विंटल) धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान की खरीदी-बिक्री, परिवहन और भंडारण पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियम विरुद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

कले. रायगढ़ रा.प्र.क्र. 202511041000074/अ-19(3)/2018-18
ग्राम-धरमजयगढ़, प.ह.नं. 56

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्राम धरमजयगढ को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ के प्राप्त प्रकरण क 202511041000074/अ-19(1)/2025-26 में आवेदक सेवा केन्द्र प्रभारी, ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप चौक, मेन रोड धरमजयगढ़ के द्वारा राजयोग मेडिटेशन सेंटर एवं अध्यात्मिक म्यूजियम के लिए राजयोग एज्युकेशन एंड रिवर्स फाउण्डेसन को आबंटित करने के लिये ग्राम धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ स्थित नजूल भूमि खसरा नं 1675/1 रकबा 9332 वर्गफूट में से रकबा 0.21 एकड़ भूमि आबंटित करने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है वे स्वयं या अपने किसी अभिभाषक या मान्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत दिनांक 22.12.2025 तक न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ में स्वत: / अपने अधिवक्ता /अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 03/12/2025 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

(हितेश कुमार साहू)
तहसीलदार धरमजयगढ

**न्यायालय नायब तहसीलदार तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202511041000006/अ-21/2025-26
साकिन - औराईगुड़ा प.ह.न. 01

**-: ईश्तहार:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ पिता खेमसिंह निवासी ग्राम औराईमुड़ा तहसील तमनार जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम औराईमुड़ा स्थित आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 300/3 मे से 10 डिसमिल भूमि को निजी कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने से उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ को प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा0) घरघोड़ा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त तिथि पर किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/12/2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तमनार

## गुणवत्ता को लेकर चेतावनी, नहीं करेंगे बर्दाश्त

# शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निर्माणधीन कार्यों एवं स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सबसे पहले नगर निगम अंतर्गत निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने निगम की तकनीकी टीम एवं निर्माण एजेंसी से कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन नालंदा परिसर का सिविल वर्क 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को कार्य के प्रति पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर नवीन मरीन ड्राइव एवं कया घाट पर प्रस्तावित पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल की चौड़ाई बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने बताया कि रिवाइज्ड डिजाइन के साथ पुल निर्माण कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने एफसीआई गोदाम कबीर चौक के समीप बन रहे ऑक्सीजोन का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



